<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–28 अप्रैल 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस के चौथे चरण के लिये वैध पाये गये एक सौ अड़तीस प्रत्याशियों के नामांकन। बयासी प्रत्याशियों के नामांकन हुए खारिज।
- तीसरे और चौथे चरण के लिये प्रचार अभियान हुआ तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस, फिरोजाबाद और ओरैया में जनसभाओं को किया सम्बोधित, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज में किया रोड–शो।
- पांचवें चरण की चौदह लोकसभा सीटों और लखनऊ पूर्व विधानसभा उपचुनाव के लिये किये जा रहे नामांकन। तीन मई है नामांकन दाखिल करने की अन्तिम तिथि।
- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह को दी जमानत। सजा पर रोक लगाने से कोर्ट ने किया इनकार।
- प्रदेश के लगभग सभी जिलों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। पश्चिमी जिलों में गरज–चमक के साथ वर्षा का मौसम विभाग ने जताया पूर्वानुमान।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिये दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा हो गया है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि चौथे चरण की तेरह लोकसभा सीटों के लिए दो सौ बीस प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच में एक सौ अड़तीस प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं, जबकि बयासी प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज किए गए हैं। शाहजहांपुर सीट से सबसे अधिक ग्यारह प्रत्याशियों के वहीं सबसे कम खीरी और मिश्रिख सीट से एक–एक प्रत्याशी का पर्चा रद्द हुआ है। धौरहरा में तीन, सीतापुर में नौ, उन्नाव में दस, फर्रूखाबाद में आठ, इटावा में सात, कन्नौज में ग्यारह, कानपुर में तेरह, अकबरपुर में पांच, बहराइच में तीन प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए हैं। चौथे चरण में पर्चा दाखिल करने वाले प्रत्याशी कल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। चौथे चरण में तेरह संसदीय सीटों पर तेरह मई को मतदान होगा।

**********

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों का प्रचार कार्य जोर–शोर से चल रहा है। विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभायें और रैलियां कर मतदान की अपील कर रहे हैं। जन–सम्पर्क के माध्यम से भी मतदान की अपील की जा रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल हाथरस, फिरोजाबाद और औरैया में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को सम्बोधित किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस–इंडी गठबंधन का आधार भ्रष्टाचार और परिवारवाद है, जबकि मोदी जी के साथ एक सौ चालीस करोड़ जनता का स्नेह और विश्वास है। श्री योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोगों की सहानुभूति गरीबों के साथ नहीं है। भाजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कानपुर में भाजपा महिला मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित किया। अयोध्या में आयोजित बूथ सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता और प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने इंडी गठबंधन की पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि यह क्षेत्रवाद, परिवारवाद और वंशवाद की पार्टियां हैं।

उधर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कन्नौज लोकसभा सीट से प्रत्याशी अखिलेश यादव ने कन्नौज में रोड–शो किया और कानपुर देहात में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में जनता महंगाई से त्रस्त है। अखिलेश यादव ने कहा कि जब हमारी सरकार आयेगी तो गरीब किसानों को पूरा कर्ज माफ होगा। लखनऊ में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में मीडिया विभाग के चेयरमैन और पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय ने यूपी में बाकी बचे चरणों में पार्टी की तैयारियों को लेकर प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि जनता के मुद्दे पर पार्टी आगे बढ़ रही है। चुनाव प्रचार को लेकर आज भी विभिन्न जिलों में वरिष्ठ नेताओं के कार्यक्रम आयोजित हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री अमित शाह कासगंज, मैनपुरी, इटावा और कानपुर में रहेंगे। कासगंज, मैनपुरी और इटावा में रैलियों में भाग लेने के अलावा वह आम चुनाव के संबंध में कानपुर में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बरेली, बदायूँ और एटा जिलों में रैलियों को संबोधित करेंगे। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव संभल जिले में एक राजनीतिक रैली को संबोधित करेंगे।

**********

लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस के तीसरे चरण में प्रदेश की दस संसदीय सीटों पर सात मई को वोट डाले जायेंगे। इसमें बरेली संसदीय सीट भी शामिल है। इस सीट पर कुल तेरह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। एक रिपोर्ट...

***नाथ नगरी के नाम से चर्चित बरेली लोकसभा सीट पर इस वक्त भाजपा का कब्जा है। साल 2014 में यहां पर बीजेपी के संतोष गंगवार ने सपा की आयशा इस्लाम को भारी मतों से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी और 2019 मे भी भाजपा के संतोष गंगवार ने इस सीट पर पुनः जीत हासिल की। बरेली में इस बार बसपा प्रत्याशी छोटे लाल गंगवार का नामांकन निरस्त होने से भाजपा और इंडी गठबंधन प्रत्याशी के बीच सीधी टक्कर है। वैसे तो कुल 13 प्रत्याशी मैदान में हैं। इंडी गठबंधन ने इस बार प्रवीण***

***सिंह ऐरन को अपना प्रत्याशी बनाया है तो वंही भाजपा ने संतोष गंगवार का टिकट काट कर छत्रपाल गंगवार को प्रत्याशी बनाया है। नाजिया अंजुम आकाशवाणी समाचार बरेली।***

**********

प्रदेश में पांचवें चरण की चौदह लोकसभा सीटों और लखनऊ पूर्व विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जालौन सीट के लिए भानु प्रताप सिंह वर्मा, हमीरपुर सीट के लिए कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह, बाराबंकी में राजरानी रावत और फैजाबाद में लल्लू सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर नामांकन किया है।

उधर लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए भाजपा से ओ.पी.श्रीवास्तव और कांग्रेस से मुकेश सिंह चौहान ने नामांकन किया। पांचवें चरण की चौदह लोकसभा सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख तीन मई है। चार मई को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि छः मई है। पांचवें चरण में मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा संसदीय सीट पर बीस मई को मतदान होगा।

**********

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जमानत दे दी है, लेकिन उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जौनपुर की एमपी–एमएलए कोर्ट ने अपहरण और जबरन वसूली मामले में उनको सात साल की सजा सुनाई थी। सजा बरकरार रहने के कारण धनंजय सिंह चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल का अपहरण कराने, रंगदारी मांगने और धमकी देने के आरोपित धनंजय सिंह की जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने कल यह फैसला सुनाया।

**********

वाराणसी में कल से संकट मोचन संगीत समारोह की शुरूआत हुयी। बीते सौ वर्ष से आयोजित हो रहा यह संगीत समारोह में दो मई तक चलेगा। इस बार समारोह में एक सौ तीस कलाकार अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रस्तुत है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट–

***सौ साल पूरे कर चुके काशी के सबसे बड़े संगीत समारोह संकट मोचन संगीत समारोह का आगाज शनिवार रात से हो गया। ,2 मई तक चलने वाले काशी ही नहीं दुनिया के फलक पर संगीत का महापर्व के रूप में ख्याति रखने वाले इस समारोह में अबकी बार 130 कलाकार हिस्सा लेंगे। समारोह की पहली निशा की शुरूआत पं. रतिकांत महापात्रा के ओडिसी नृत्य से हुई। संगीत समारोह में सबसे अंतिम प्रस्तुति पंडित साजन मिश्र की रही। अबकी बार संकट मोचन संगीत समारोह में कला वीथिका का भी प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें हनुमत प्रभु के विविध रूपों की तस्वीरें है। इस बार हनुमान जी के 201 स्वरूपों के दर्शन है।***

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में इन दिनों भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। अधिकतर जिलों में तापमान चालीस डिग्री के आसपास रिकॉर्ड किया जा रहा है। मौसम विभाग ने हरदोई, सीतापुर, बहराइच, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीर, बरेली, पीलीभीत और बदायूं में अगले चौबीस घंटों में तेज हवा के बीच गरज–चमक के साथ वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। विभाग के अनुसार पूर्वी जिलों में गर्मी का प्रकोप फिलहाल जारी रहेगा।

**********